नालन्दा खुला विश्वविद्यालय

तृतीय तल, बिस्कोमान भवन, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना-800001

B.Ed., Part-I एवं Part-II की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु विगत् वर्षों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित छात्रों के लिए परिक्षा फार्म जमा करने के सम्बन्ध में

नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के B.Ed., Part-I (सत्र 2013–2015) तथा B.Ed., Part-II (सत्र 2012–2014) की परीक्षा **दिनांक 09.02.2015** से आयोजित होने वाली है। विगत् वर्ष की परीक्षा में अनुत्तीर्ण, अनुपस्थित एवं परीक्षा से निष्कासित विद्यार्थियों के लिए इस परीक्षा में बैठने हेतु परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की **तिथि 17.01.2015 से 28.01.2015 तक** निर्धारित की गयी है। प्रत्येक पाठ्यक्रम के सम्पन्न होने की निर्धारित समय सीमा की शर्त्तों के अनुसार ही परीक्षा फार्म स्वीकृत होंगे, उन विद्यार्थियों का परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं होगा जो नियमन (Regulation) के तहत् समय निषिद्ध हो चुके हैं। सम्बन्धित छात्रों से अनुरोध है कि वे व्यक्तिगत रूप से विश्वविद्यालय मुख्यालय में उपस्थित होकर अपना परीक्षा फार्म भरें और परीक्षा शुल्क के रूप में 1000/– रूपयों का बैंक ड्राफ्ट, जो नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना को देय हो, (अधिक या कम राशि का बैंक ड्राफ्ट किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं होगा, जमा कर अपना परीक्षा एडमिट कार्ड प्राप्त करें। इस राशि में सत्रीय कार्य उत्तरपुस्तिका का चार्ज भी शामिल है। वर्ष 2010 में नालन्दा खुला विश्वविद्यालय परीक्षा नियमावली में हुये संशोधन के अनुसार B.Ed. पाठ्यक्रम के वैसे अनुत्तीर्ण विद्यार्थी जो तीन या उससे कम विषयों में अनुत्तीर्ण हुये हैं, उतने ही पत्रों में सम्मिलित हो सकते हैं, जितने पत्रों में वे अनुत्तीर्ण हुये हैं। परन्तु, तीन से ज्यादा पत्रों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को सभी पत्रों की परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को परीक्षा फार्म जमा करने के समय अपना पुराना अंक–पत्र, एडमिट–कार्ड एवं एक पासपोर्ट साइज कलर फोटोग्राफ लाना आवश्यक होगा। **स्वहस्तलिपि में, स्वहस्ताक्षरित तथा पूर्ण रूप से भरा हुआ परीक्षा फार्म हीं स्वीकार किया जायेगा।** ऐसा नहीं करने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा।

कुलसचिव (प.)